श्री लाल बाबू प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-20), माननीय स०वि०स० द्वारा अष्टादश बिहार विधान सभा के तृतीय सत्र में दिनांक-24.07.2026 को पूछा जाने वाला गैर सरकारी संकल्प संख्या- 79/26 के संबंध में ।

गैर सरकारी संकल्प

"यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि वह पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत चिरैया प्रखंड के पट जिला ग्राम में बूढ़ी गंडक नदी के चैनल पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण हेतु एकरारनामा हो चुका है, परन्तु जल संसाधन विभाग द्वारा अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत नहीं होने से पुल निर्माण वांछित है अनापति प्रमाण पत्र निर्गत करावें।"

सरकार का वक्तव्य

वस्तुस्थिति है कि पूर्वी चंपारण जिलान्तर्गत चिरैया प्रखंड के पटजिलवा ग्राम में बूढ़ी गंडक नदी के चैनल पर प्रस्तावित उच्चस्तरीय पुल निर्माण का स्थल तियर सिकरहना सिजुआ लूप तटबंध का भाग है, जो बूढ़ी गंडक नदी के बायें तट पर अवस्थित है।

वर्णित तटबंध की कुल लंबाई 19.634 कि.मी. है एवं तटबंध के कि.मी. 13.51 पर 85 मीटर का गैप है, जिसपर एंटी फ्लड स्लूईस का निर्माण किया जाना है।

ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा उपरोक्त स्थल पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र की माँग के क्रम में उच्चतरीय पुल निर्माण के स्थान पर एंटी फ्लड स्लूईस गेट सह पुल का प्रस्ताव समर्पित करने हेतु अनुरोध किया गया है, जो अप्राप्त है।

तत्संबंधित प्रस्ताव प्राप्त होने पर अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु नियमानुकूल कार्रवाई की जायेगी।

P.T.O

बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक–25 / वि0स0संकल्प(मुज0)–09–32 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव, बिहार विधान सभा सचिवालय, बिहार, पटना को उनके ज्ञापांक–1563 दिनांक–15.07.2026 के प्रसंग में गैर सरकारी संकल्प सं0–79 / 26 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0संकल्प(मुज0)–09–32 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0संकल्प(मुज0)–09–32 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0संकल्प(मुज0)–09–32 / 2026– 3911 पटना, दिनांक– 02/09/2026

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

01.09.26

(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

01.09.26

Desktop-R.M.F./2025/ Sec-25/memo